कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,मऊ।

प्रेस विज्ञप्ति

माननीय उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,लखनऊ के पत्रांक 1324/एसएलएसए–23/2016 दिनांकितः सितम्बर 07, 2020 के अनुपालन में शासनादेश संख्या–02/2018/661/सात–न्याय–7–2018–47/2002 दिनांकः 30.01.2018 के अनुपालन में गठित स्थायी लोक अदालत,मऊ हेतु एक आशुलिपिक, जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट के सेवानिवृत्त कर्मियों से अधिकतम 02 वर्ष के लिए निर्धारित मानदेय रू0 9000/– प्रतिमाह अनुबंध के आधार पर कार्य कराया जायेगा।

अतः उक्त पद पर नियुक्ति हेतु उपरोक्तानुसार अर्ह जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट के सेवानिवृत्त इच्छुक कर्मचारीगण जिनकी आयु 65 वर्ष से कम हो तथा शारीरिक रूप से स्वस्थ एवं कार्यकुशल हो, अपना आवेदन पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,मऊ में **दिनांकः 16.12.2024 समय 5.00 बजे** तक स्वयं या जारिये डाक जमा कर सकते है।

उक्त पद हेतु साक्षात्कार **दिनांकः19.12.2024 सांय 4.30 बजे** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,मऊ में किया जायेगा।

दिनांकः 03.12.2024

संलग्नकः आवेदन पत्र का प्रारूप।

(बाकर शमीम रिजवी)
अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,मऊ।
3-12-24

पत्रांक 570/जि0वि0से0प्रा0,मऊ/2024 दिनांकः03.12.2024

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
जनपद-मऊ

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

1. माननीय अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,मऊ।
2. .जिलाधिकारी,मऊ को इस आशय से प्रेषित कि कलेक्ट्रेट एवं तहसीलों के नोटिस बोर्ड पर उक्त विज्ञप्ति को चस्पा करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने की कृपा करें।
3. नोडल अधिकारी कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय मऊ को इस आशय से प्रेषित कि जनपद न्यायालय,मऊ की बेवसाईट पर उक्त विज्ञप्ति को अपलोड कराने हेतु सम्बंधित को निर्देशित करने की कृपा करें।
4. अध्यक्ष स्थाई लोक अदालत,मऊ।
5. जिला सूचना अधिकारी,मऊ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराना सुनिश्चित करें।
6. नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय,मऊ को इस आशय से प्रेषित कि न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर उक्त विज्ञप्ति को चस्पा कराना सुनिश्चित करें।
7. नोटिस बोर्ड जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,मऊ पर सूचना चस्पा हेतु।

अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,मऊ।
3-12-24

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
जनपद-मऊ